पुलिस से धक्का-मुक्की, पुतलों में लगी आग फायर ब्रिगेड ने बुझाई

- कंगना रनौत और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

नव भारत न्यूज

रतलाम। गुरुवार को शहर कांग्रेस और शहर महिला कांग्रेस ने अलकापुरी चौराहे पर भाजपा सांसद कंगना रनौत और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी की और दोनों नेताओं के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

पुलिस ने पुतला दहन रोकने का प्रयास किया, जिसके चलते कुछ देर के लिए कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। इसी बीच दोनों पुतलों में आग लगा दी गई। आग फैलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे बुझाया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यह प्रदर्शन भाजपा सांसद कंगना रनौत की महिलाओं को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के कथित बयानों के विरोध में आयोजित किया गया। उनका कहना था कि महिलाओं के सम्मान के खिलाफ किसी भी टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, यास्मीन शेरानी, कमरुद्दीन कछवाया, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चाहर, कविता महावर, आशा रावत, नीलोफर खान, राधा प्रजापत, रेखा सौलंकी, आरिफा कछवाया, रेणु शर्मा,कमलेश चौहान,राजीव रावत, रमेश पोरवाल, सीताराम बैरागी, रामचंद्र धाकड़, शांतु गवली, मेहमुद शेरानी, इक्का बेलूत, अनिल पुरोहित, डॉ. मुस्तफा, अमर सिंह शेखावत, लालू स्टीफन, धर्मेश शर्मा, रवि वर्मा, हरविंदर सरदार सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दो घंटे की बारिश में शहर पानी-पानी

- पहली तेज बरसात में डूबे चौराहे
- सड़कें बनीं नदी

नव भारत न्यूज

रतलाम। शहर में गुरुवार दोपहर करीब दो घंटे हुई तेज बारिश ने शहर के जल निकासी इंतजामों की फिर परीक्षा ले ली। हर साल की तरह इस बार भी दो बत्ती-फ्रीगंज चौराहा सबसे ज्यादा प्रभावित रहा, जहां रेलवे कॉलोनी और डॉट पुल की ओर से आया पानी न्यू रोड तक बहता रहा। सड़कें नदी जैसी दिखने लगीं और कई दोपहिया चालक पानी में फिसलकर गिर पड़े, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। बारिश के दौरान डीआरएम कार्यालय के सामने, सैलाना बस स्टैंड, सब्जी मंडी, सिटी फोरलेन और सैलाना ओवरब्रिज क्षेत्र में भी दो से तीन फीट तक पानी भर गया। कई स्थानों पर यातायात धीमा पड़ गया और लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश थमने के बाद भी लंबे समय तक जलभराव बना रहा।

जिले में अब तक 12 इंच से अधिक बारिश: जिले में इस वर्ष अब तक औसतन साढ़े बारह मिमी वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में रतलाम जिले में 6.63 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में आलोट में 0.00 मिमी, जावरा में 40.00 मिमी, ताल में 0.0 मिमी, पिपलोदा मे 4.0 मिमी, बाजना में 3.0 मिमी, रतलाम में 3.0 मिमी, रावटी में 1.0 मिमी एवं सैलाना में 2.0 मिमी, वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

एक नजर में

सट्टे पर कार्रवाई: 52 मुकदमों वाले आरोपी समेत दो दबोचे

रतलाम। माणकचौक थाना पुलिस ने सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को सट्टा लिखते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 16,200 रुपए नकद, सट्टा पर्चियां और पेन जब्त किए हैं। पुलिस को मुखबिर से सट्टा संचालित होने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने दबिश देकर राकेश राठौर और हिम्मत गुर्जर को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ सट्टा अधिनियम के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार राकेश राठौर पर पहले से 32 और हिम्मत गुर्जर पर 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आदतन अपराधी होने के कारण राकेश के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 112 के तहत अतिरिक्त कार्रवाई के साथ जिला बदर की प्रक्रिया भी प्रस्तावित की जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में की गई। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान, थाना प्रभारी माणकचौक, उप निरीक्षक शांतिलाल चौहान, प्रधान आरक्षक तखतलाल, प्रधान आरक्षक राजसिंह, आरक्षक हेमंत, आरक्षक अविनाश मिश्रा एवं आरक्षक अशोक की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

माहेश्वरी समाज के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत समारोह आयोजित

रतलाम। श्री रामोला मंदिर उत्सव समिति व श्री रामबाग हनुमान मंदिर सुंदरकांड मंडल द्वारा श्री रामोला मंदिर पर आयोजित स्वागत समारोह में नवनिर्वाचित रतलाम जिला सभा अध्यक्ष गोपाल राठी, जिला सचिव विजय असावा और पश्चिमांचल और रतलाम जिला पदाधिकारियों व जिला कार्यकारिणी सदस्यो, बड़ावदा से पधारे पश्चिमांचल प्रादेशिक सभा के संयुक्त मंत्री मनोहर तोषनिवाल व महासभा के जिला प्रतिनिधि राजेंद्र मुंदड़ा, रतलाम विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोविंद काकानी, प्रदेश प्रतिनिधि द्वारका भंसाली, राजेश गेलड़ा, सुनील डांगरा, आशीष डागा तथा रतलाम जिला सभा में संगठन मंत्री जितेंद्र काबरा, सहसचिव मनीष मालपानी, कार्यकारिणी सदस्य राजेश चोखड़ा, मुकेश जी गेलड़ा, कृष्णकांत अजमेरा, आलोक लड्ढा, जितेंद्र चिचानी, मंदिर पुजारी गोपाल व्यास स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर रतलाम जिला सभा के अध्यक्ष गोपाल राठी का स्वागत मातृशक्ति के लता भंसाली, जया गगरानी, अनीता लखोटिया, रेखा मारोठिया, अर्चना मालपानी एवं युवा संगठन जिला अध्यक्ष यश तोतला, जिला सचिव उमेश माहेश्वरी और निवर्तमान रतलाम जिला सभा सचिव जितेंद्र तोषनीवाल का भी स्वागत अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने श्री रामोला मंदिर में हो रहे जीर्णोद्धार निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया तथा श्री राम दरबार आरती कर प्रसादी वितरण की गई तथा मंदिर का काम जल्द से जल्द पुर्ण करने की कामना की गई।

आनंदी हनुमान मुक्तिधाम में स्थापित होगी महादेव की भव्य मूर्ति

जावरा। नगर के धार्मिक एवं पवित्र स्थल श्री आनंदी हनुमान मुक्तिधाम परिसर में भगवान शिव (महादेव जी) की भव्य मूर्ति की स्थापना की जा रही है। इस पावन अवसर पर आगामी 7 जून रविवार को दोपहर 4:30 बजे भूमि पूजन एवं स्थल निरीक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कायक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जावरा के विधायक डॉ. राजेंद्र जी पांडे शिरकत करेंगे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न होगा। मुक्तिधाम परिसर में महादेव जी की मूर्ति स्थापना का यह धार्मिक एवं जनहितकारी कार्य स्वर्गीय कल्याणमल जी अग्रवाल परिवार (सबका कल्याण) के मुख्य सौजन्य से संपन्न होने जा रहा है। श्री आनंदी हनुमान शमशान समिति एवं मंदिर समिति अध्यक्ष धर्मचंद चपड़ोद, सचिव चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष सुभाष टुकड़िया, मंदिर समिति संयोजक राजेश धाकड़, दशरथ कसानिया एवं समस्त सदस्यगणो ने धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का सादर आग्रह किया है।

आचार्यश्री का मंगल आगमन

जावरा। गुरु कस्तुर पावन धाम पर उस समय आध्यात्मिक ऊर्जा और उल्लास का वातावरण बन गया, जब जंगल युग प्रधान बृहद भट्टारक 1008 खरतर गच्छाधिपति जैनाचार्य पूज्य जिनचंद्र सूरी महाराज साहब का पावन सानिध्य धाम को प्राप्त हुआ। इस शुभ अवसर पर पूज्य यति श्री अमृत सुंदर म.सा., यति श्री सुमति सुंदर म.सा. एवं आर्या श्री समकित प्रभा जी की गरिमामय उपस्थिति भी रही। धाम पर प्रवास के दौरान पूज्य गुरुदेव ने परिसर में संपन्न हुए प्रथम चरण के विकास एवं निर्माण कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया और उनकी भूरी-भूरी सराहना की। द्वितीय चरण के संदर्भ में पूज्यश्री ने निर्देश देते हुए कहा कि द्वितीय चरण के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए ताकि यहाँ पर एक ऐतिहासिक और यशस्वी चातुर्मास का सफल आयोजन हो सके। इसके पश्चात आचार्य भगवंत ने उपस्थित अपार जनमेदिनी को महामांगलिक सुनाकर सभी के सुख, समृद्धि और धर्म वृद्धि का आशीर्वाद प्रदान किया। आचार्य भगवंत एवं संतवृंद के आगमन पर गुरु कस्तुर पावन धाम ट्रस्ट मंडल द्वारा उनका भावभीना स्वागत किया गया। इस पावन अवसर पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने पूज्य गुरुदेव को भक्तिभाव पूर्वक कांबली ओढ़ाकर उनका बहुमान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसमे अध्यक्ष राकेश मेहता, कोषाध्यक्ष पारस गादिया के साथ प्रमुख ट्रस्टी एवं श्रावकवृंद सुशील चपड़ोद, सुभाष टुकड़िया, अशोक झामर, दिलीप चत्तर, अजीत चोपड़ा, राकेश कोचट्टा, अनिल चपड़ोद, पवन डांगी, शरद दुग्गड़, नगिन ओस्तवाल, राकेश श्रीश्रीमाल एवं पुखराज संचेती उपस्थित थे। विशेष अतिथि महिदपुर श्रीसंघ के वरिष्ठ श्रावक शैलेश चोपड़ा रहे। संचालन सुभाष टुकड़िया द्वारा किया गया।

भक्ति, ज्ञान और साधना से सराबोर हुआ गुरु पूर्णिमा महोत्सव

- सूरत के वरिष्ठ आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक बारोट ने हास्य, ज्ञान और भजनों से बांधा समां

रतलाम। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में साधकों ने महासुदर्शन क्रिया, ध्यान, गुरु पूजा और सत्संग में भाग लेकर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

महोत्सव के मुख्य वक्ता सूरत से आए वरिष्ठ प्रशिक्षक जिगेश बारोट ने गुरु तत्व, जीवन मूल्यों और आध्यात्मिकता पर प्रेरक विचार रखे। उन्होंने हास्य, रोचक प्रसंगों और भजनों के माध्यम से उपस्थित लोगों को आत्मचिंतन और सकारात्मक जीवन का संदेश दिया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उत्साह से भर उठा। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक ध्यान, भजन-संध्या और सत्संग के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया। आयोजकों ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल श्रद्धा का पर्व नहीं, बल्कि जीवन में सेवा, प्रेम, ज्ञान और मानव मूल्यों को अपनाने का संकल्प है। समापन पर महाप्रसाद का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने सभी स्वयंसेवकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए समाज में शांति, स्वास्थ्य और मानवीय मूल्यों के प्रसार के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित करने की बात कही।

राजनीतिक दलों के साथ जिला स्तरीय स्टेण्डिंग कमेटी की बैठक संपन्न

रतलाम। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला स्टेण्डिंग कमेटी की बैटक का आयोजन कार्यालय कलेक्टर सभाग्रह रतलाम मे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ किया गया।

बैठक में बृजेंद्र रावत एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रतलाम एसडीएम तरुण जैन, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

बैठक में बृजेंद्र रावत एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगरीय पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत प्राप्त दावा आपत्ति एवं निराकरण तथा सूची में अनुपस्थित, मृत, शिफ्टेड, दोहरी प्रविष्टि की जानकारी से को अवगत कराया।

एसडीएम शहर रतलाम ने नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिका रतलाम के 49 वार्डों की पुनरीक्षण उपरांत अंतिम फोटो युक्त मतदाता सूची का सेट दल प्रमुखों को उपलब्ध करवाये।

4 दिन की तलाश खत्म, गुजरात से मिली बेटी

रतलाम/ताल। जिले की ताल थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गुजरात के मोरबी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर सुरक्षित रतलाम लाया है। पुलिस के अनुसार 26 जुलाई को बालिका की मां ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद थाना ताल में भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और संभावित मार्गों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साथ ही साइबर सेल और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी की पहचान यशवंत पिता अम्बाराम चंद्रवंशी, निवासी रिन्छा, थाना आलोट के रूप में हुई। जांच में उसके नाबालिग बालिका के साथ मोरबी (गुजरात) में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम तत्काल वहां रवाना हुई। मोरबी पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल तथा एसडीओपी आलोट पल्लवी गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक स्वराज डाबी के नेतृत्व में की गई। अभियान में उप निरीक्षक कांतिलाल सोनार्थी सहित थाना ताल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अभियान का समापन : हजारों लोगों ने लिया नशामुक्त समाज का संकल्प

- सम्मान समारोह में नुक्कड़ नाटक, मलखंभ, योग, शॉर्ट फिल्म दिखाई

नव भारत न्यूज

रतलाम। पुलिस द्वारा चलाए गए 15 दिवसीय 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' जनजागरूकता अभियान का गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में भव्य समापन हुआ। अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। समारोह में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत, मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पंद्रो सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। दीप प्रज्वलन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना और एडीजी राकेश गुप्ता के वीडियो संदेश प्रसारित किए गए। एसपी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से खेल, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया तथा सभी उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में साई श्री इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक और योग प्रदर्शन के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों का संदेश दिया। खेल प्रशिक्षक जितेंद्र धूलिया के मार्गदर्शन में बच्चों ने मलखंभ का प्रदर्शन किया, जबकि जादूगर सम्राट ने मनोरंजक अंदाज में नशामुक्ति का संदेश दिया। जावरा के युवाओं द्वारा तैयार शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा। अभियान में खेल प्रतियोगिताओं, निबंध, पोस्टर, रंगोली, नुक्कड़ नाटक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के साथ सहयोगी पुलिसकर्मियों, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों, नागरिकों को प्रमाण पत्र, शील्ड से सम्मानित किया।

बाजना-शिवगढ़ के मेडिकल स्टोर निरीक्षण, फार्मासिस्ट मिले नदारद

रतलाम। जिले में मेडिकल स्टोर्स की जांच का अभियान लगातार जारी है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के औषधि निरीक्षक बलराम चौधरी ने बुधवार को बाजना और शिवगढ़ क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान दो मेडिकल स्टोर्स पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिले, जबकि नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं के रिकॉर्ड भी तलब किए गए।

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल तथा कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत बाजना स्थित त्रिवेणी मल्टीस्पेशलिटी मेडिकल और भवानी मेडिकल का निरीक्षण किया गया। दोनों संस्थानों पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए। वहीं त्रिवेणी मल्टीस्पेशलिटी मेडिकल में नारकोटिक्स श्रेणी का लोपेज इंजेक्शन मिला, जिसके क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेख दो दिन के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा शिवगढ़ स्थित शिवाय मेडिकल का भी निरीक्षण किया गया। यहां नारकोटिक्स श्रेणी की इक्विरेक्स टैबलेट के क्रय-विक्रय संबंधी दस्तावेज दो दिन में प्रस्तुत करने को कहा गया है।

औषधि निरीक्षक बलराम चौधरी ने बताया कि संबंधित मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाएंगे। यदि उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिलेभर में मेडिकल स्टोर्स का सघन निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेगा।

खुलासा : सोलर प्लांट से दो सिक्योरिटी गार्ड ने केबल चोरी की, गिरफ्तार

- दो अन्य साथी फरार, पुलिस की पूछताछ जारी
- चोरी का माल बरामद करने के प्रयास तेज

नव भारत न्यूज

रतलाम/ताल। जिले के ताल थाना क्षेत्र में ग्राम असावता स्थित सोलर प्लांट से तांबे की केबल चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हैरानी की बात यह रही कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वालों में प्लांट की सुरक्षा में तैनात दो सिक्योरिटी गार्ड ही शामिल निकले।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उनके दो साथी अभी फरार हैं। पुलिस के अनुसार 26 जुलाई को सोलर प्लांट से तांबे की केबल चोरी होने की शिकायत मिलने पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से जांच आगे बढ़ाई।

जांच के दौरान प्लांट में कार्यरत सिक्योरिटी गार्डों पर संदेह हुआ। पूछताछ में नागुसिंह राजपूत और सुरपालसिंह राजपूत ने अपने साथियों लालसिंह राजपूत और कृष्णपालसिंह राजपूत के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी किया गया तांबे का केबल फरार साथियों के पास है।

पुलिस उनकी गिरफ्तारी और चोरी के माल की बरामदगी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल तथा एसडीओपी आलोट पल्लवी गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक स्वराज डाबी के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में थाना ताल की टीम के कई अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस न लेने पर हमला करने वाले 3 दोषियों को 3-3 वर्ष की जेल

नव भारत न्यूज

जावरा। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवानी राठौर के न्यायालय ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर की गई शिकायत को वापस लेने का दबाव बनाकर लोहे के पाइप से मारपीट करने वाले तीन अभियुक्तों को दोषी ठहराया है। न्यायालय ने तीनों अभियुक्तों को अलग-अलग धाराओं में कुल 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 13,000-13,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी कर रहे सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुनील सिंह खेर ने बताया कि फरियादी भंवरलाल (निवासी कंचनखेड़ी) खेती-मजदूरी करता है। घटना की रात करीब 9:30 बजे वह गेहूं पिसाने आटा चक्की जा रहा था, तभी रास्ते में रणछोड़ पिता बालाराम (41 वर्ष), दिलीप पिता बालाराम (38 वर्ष), घनश्याम पिता छोगालाल (24 वर्ष) सभी निवासी ग्राम कंचनखेड़ी ने उसे रोक लिया। रणछोड़ पिता बालाराम (41 वर्ष) ने फरियादी से कहा कि तूने सीएम हेल्पलाइन 181 पर मेरी पत्नी की शिकायत क्यों की शिकायत वापस ले ले। इस पर भंवरलाल ने कहा कि जब तक शमशान घाट के पास पानी की टंकी नहीं बन जाती, तब तक शिकायत वापस नहीं लूंगा। इसी बात से नाराज होकर अभियुक्तों ने गाली-गलौज करते हुए फरियादी पर हमला कर दिया। जब फरियादी के बड़े पापा का लड़का मांगीलाल और उनका बेटा कबीर बीच-बचाव करने आए, तो अभियुक्तों ने उन पर भी लोहे के पाइप से हमला कर दिया। हमले में कबीर का हाथ टूट गया और सिर में गंभीर चोटें आईं। जाते-जाते अभियुक्तों ने शिकायत वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी।

एक नजर में — कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

सनातन धर्म की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी : विधायक पाण्डेय

नव भारत न्यूज

जावरा। सनातन धर्म की प्राचीन परम्पराओ एवं सामाजिक समरसता के संकल्प को समाज में स्थापित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। क्षेत्र एवं जन-जन की खुशहाली के उद्देश्य को सार्थक करने हेतु सामाजिक समरसता कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाता रहा है। सभी अपने-अपने क्षेत्र से इस यात्रा में भाग लेने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करें। यह बात जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पाण्डेय ने मंगलवार को टीजीपी रिसोर्ट पर आयोजित सामाजिक समरसता कावड़ यात्रा को लेकर आयोजित बैठक में कहा।

इस अवसर पर कावड़ यात्रा के फोल्डर का विमोचन विधायक डॉ. पाण्डेय के साथ अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। शिवभक्त सेवा समिति के संस्थापक प्रांजल पाण्डेय ने कावड़ यात्रा के आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सनातन धर्म की रक्षा व प्रचार-प्रसार के लिए कावड़ यात्रा निक़ाली जा रही है। उन्होंने उक्त कावड़ यात्रा में शामिल होने के इच्छुक कावड़ियों से आग्रह किया कि वे समिति के सदस्यों से सीधे सम्पर्क कर सकते हैं। बैठक का संचालन महेश सोनी ने किया।

22 से प्रारंभ होगी कावड़ यात्रा

तीन दिवसीय कावड़ यात्रा अगले महीने की 22 तारीख से श्री मनकामनेश्वर मिण्डाजी महादेव मंदिर से प्रारम्भ होगी। जो जावरा का भ्रमण करते हुए 23 अगस्त को पिपलौदा पहुंचेगी। उसके बाद ग्राम आम्बा में रात्रि विश्राम के पश्चात अगली सुबह सैलाना स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना होगी। इस मौके पर बैठक में जावरा विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में सनातनी, शिवभक्त उपस्थित रहे।